>

Title: Requests the Central Government to send the doctor and medicines in the malaria affected Kodarna district in Bihar.

श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा (कोडरमा): सभापति महोदय, बिहार के कोडरमा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कोडरमा, गांवा एवं तिसरी प्रखंडों के सुदूर जंगली ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया का भीषण प्रकोप पिछले २ महीनों से हो रहा है। बिहार सरकार बिलकुल सुप्त है। न डाक्टर की व्यवस्था है और न दवा उपलब्ध है। इस अव्यवस्था के कारण अब तक ३५० लोग मर चुके हैं। इस संबंध मै मैंने बिहार सरकार को लिखित रूप में दिया है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। कोडरमा प्र खंड के ढाब पंचायत में २०० लोग मर चुके हैं। ढाब से चरकी जाने के लिये १० किलोमीटर रोड नहीं बना जिससे रोगियों को अस्पताल ले जाना संभव नही होता। सारा रास्ता जंगल का है, इसलिये डाक्टर की गाड़ी नहीं जा सकती। इसी प्रकार तिसरी प्रखंड के कई गांवों में मलेरिया का प्रकोप हुआ है। इसी प्रकार गांवा प्रखंड में १०५ लोग मरे हैं और करीब ३-४ सौ लोग बीमारी से प्रभावित हैं। मैं भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि कोडरमा जिला के इन मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में डाक्टर और दवा भिजवाने की व्यवस्था करे।